तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 17 नवंबर 2024

11 धमधा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्रीय विधायक से की चर्चा



11 बच्चों का संस्कार पक्ष पढ़ाई के साथ मजबूत होना चाहिएः प्राचार्य पिल्लई









## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दुर्ग अंधियारपारा दुर्ग निवासी कौशल साहू शातिर चोर है। जिला अस्पताल, बस स्टैंड, ग्रीन चौक, रायपुर बस स्टैंड समेत अन्य भीड़ वाली जगहों से बाइक चोरी करता था। जिसे कम कीमतों पर बेच दिया करता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कौशल को चोरी की बाइक बेचने की फिराक में ग्राहकों की तलाश में था। एसीसीयू डीएसपी हेम प्रकाश नायक, प्रभारी तपेश नेताम और उनकी टीम ने बाइक चोर की खोजबीन में लग गई। एसीसीयू टीम को चोर का सुराग हाथ लगा। कौशल को धमधा नाका पुलिया के पास बाइक बेचने के फिराक खडा था। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि 14 बाइक उसे चोरी की है। निशानदेही पर 2 स्कूटर और 12 बाइक बरामद किया है।

### निगरानी बदमाश के ठिकाने पर दबिश

**भिलाई।** निगरानीशुदा बदमाश के यहां एसीसीयू की टीम ने दबिश दिया। जहां से लाखों रुपए का सट्टा पट्टी जब्त किया है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है।पुलिस ने बताया कि आरोपी बुधारू उर्फ वाजिद बैग थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश है। बुधारू के अलावा उसकी पत्नी भी सट्टे के कारोबार में शामिल है। 7 नवंबर को आरोपी पूर्णावती के घर से सट्टा पट्टी जब्त किया गया था। 16 नंबर को फिर से वैशाली नगर क्षेत्र में रामनगर मुक्तिधाम के पास रहने वाला निगरानी बदमाश बुधारू उर्फ वाजिद बैग के यहां दबिश दिया गया। हर जगह सट्टा का कारोबार पूरी तरह से पाबंद है लेकिन यहां दो-दो बार दबिश दिया गया और लाखों रुपए का सट्टे का पट्टी मिला है।पुलिस ने हारुन निशा को पकड़ा गया। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। महिला के पास से पुलिस ने 6700 रुपए जब्त किया है। एसपी के निर्देश के बाद भी थाना क्षेत्रों में सट्टा का कारोबार बेखौफ चलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

टेंडर विवाद : 15वें वित्त आयोग की राशि से सामान खरीदी का मामला

# ईई के बगैर अनुमति टेंडर जारी!


हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम में 15 वें वित्त आयोग की रकम से सामान खरीदी के मामले में नया मोड़ आ गया है। टेंडर बिना ईई से अनुमति लिए जारी हो गए। एसई भी इस टेंडर से बेखबर हैं। टेंडर विभाग के स्वच्छता निरीक्षक जावेद अली द्वारा जारी करना बताया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक को टेंडर जारी करने का अधिकार ही नहीं है। वहीं अलग-अलग नगरीय निकायों में 500 करोड़ से सामान खरीदी को लेकर नियम व शर्तें अधिकारियों ने मनमाफिक तरीके से रखी और टेंडर निकाल दिए। अब कई निगम यूटर्न की स्थिति में आ गए हैं।

हरिभूमि पड़ताल









### इन निगमों में दोहरा मापदंड

15 वें वित्त आयोग की रकम से नगरीय निकायों में दोहरा मापदंड अपनाए जा रहे हैं। मसलन भिलाई, दुर्ग, भिलाई-3 चरोदा, रिसाली, धमतरी, महासमुंद, भाटापारा, बागबाहरा, गुंडरदेही, गोबरा, चंद्रपुर, कोंडागांव, दल्ली-राजरा जीजेपुर, जरही, पाटन, जामुल, बलरामपुर इन यूएलबी ने समान नियम और शर्तें लागू की है। वहीं दूसरी ओर कुम्हारी, मल्हार, रतनपुर, कोंगापानी, किरंदुल ने बहुत ही सरल नियम और शर्तें लागू की हैं। निदेशालय यूएडी हेड ऑफिस नया रायपुर नगरीय निकाय विभाग ने ट्रैक्टर ट्रेलर माउंटेड सक्शन मशीन की आपूर्ति के लिए एक निविदा बुलाई है। तोरण प्रसाद शर्मा द्वारा निविदा संख्या जैम /2024/बी /5543096 बुलाई गई। जिसमें बुनियादी शर्तें लागू की गई हैं। भंडार क्रय नियम के अनुसार शर्तें लगाई गई है ।

### भिलाई निगम में टेंडर की अवधि बढ़ाई

भिलाई निगम में 15वें वित्त आयोग के तहत जारी टेंडर की अवधि 11 दिन और बढ़ा दी गई। पहले केवल 19 दिन के लिए टेंडर जारी किया गया था। टेंडर की शर्तों व नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नियम के हिसाब से 30 दिन तक समय निविदाकारों को दिया जाना चाहिए। इससे भी सवाल खड़े हो रहे है।

### टेंडर को नहीं दी अनुमति

भिलाई निगम में 15 वें वित्त आयोग के तहत जारी टेंडर को लेकर शिकायतकर्ता पूर्व पार्षद ललित मोहन ने संबंधित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर चर्चा की। कुलदीप गुप्ता एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एवं दीपक गुप्ता सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर ने ऐसे किसी प्रस्ताव का टेंडर में अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया।

### रायगढ़ निगम ने निविदा की निरस्त

रायगढ़ नगर निगम ने सामान्य नियम और शर्तों के साथ 15वें वित आयोग की निविदा निकली थी परन्तु ऊपर से फोन आने पर समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया है। विभागाध्यक्ष बुनियादी नियमों और शर्तों के साथ निविदा आमंत्रित कर रहे हैं और दूसरी ओर बाकी यूएलबी व्यक्तिगत और चुनिंदा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए कठिन नियम और शर्तें लागू कर रहे हैं।शासन के भंडार क्रय नियम को दरकिनार किया जा रहा है ।

### इन मशीनों की निविदा जारी

हॉइड्रोलिक एक्सकैवेटर, स्क्रीनिंग मशीन, हॉपर ट्रिपर डम्पर, ट्रेक्टर ट्रेलर, रेफ्युज कम्पेक्टर, ट्रेक्टर ट्रेलर माउंटेड सक्शन मशीन, ट्रक माउंटेड सक्शन मशीन, रोड स्वीपर, व्हील बैरो,ई रिक्शा, ट्राइसाइकिल रिक्शा, प्लास्टिक बॉलिंग मशीन, ट्विन बिन एवं अन्य प्रकार की सामग्री क्रय की स्वीकृति सूडा से मिलने के उपरांत करोड़ों रूपये की निविदा बुलाई गई है।

## ब्लैक स्पॉट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

उच्च न्यायालय कोर्ट आयुक्त बिलासपुर रवीन्द्र शर्मा ने दुर्ग स्थित सर्किट हाउस में रोड सेफ्टी सेल के प्रभारियों की बैठक लिया जिसमें सभी प्रभारियो से अपने अपने क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट की जानकारी मांगी गई। ब्लैक स्पॉट की जानकारी के साथ जिले सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल रसमड़ा बाईपास रोड, सोनेसरार, चिखली चौक, शनि मंदिर नगपुरा, महमरा टर्निंग अंजोरा, फुण्डा चौक, तर्रा, ढौर चौक खेदामारा का निरीक्षण किया गया। उक्त ब्लैक स्पॉटो में उचित प्रकाश व्यवस्था, साईन बोर्ड, हाईमास्क लाईट, मोड में चेवरान साईन बोर्ड, अवैध कब्जा हटाने, झाडियों की छटाई कराने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। जिले के भीतर भारी माल वाहक वाहनो को शहर के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। बैठक में एडीएम

- शहर में हाईकोर्ट के आयुक्त पहुंचे

अरविंद एक्का,नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम दुर्ग, ट्रैफिक एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, डीएसपी ट्रैफिक सतानंद विंध्यराज, पाटन एसडीएम लोकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा, सब इंजीनियर एनएच जयंत वर्मा, एनएच पीडब्ल्यूडी अभिजीत सोनी , ट्रैफिक निरीक्षक बोधीराम घिरही, सब इंजीनियर पीडब्लूडी सुनील मेश्राम मौजूद थे।

शराब के नशे में गाली-गलौज करना पड़ गया महंगा

# हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

घर से शुक्रवार की रात निकले युवक की लाश छठ तालाब के पास मिलने का मामला सामने आया है। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने हत्या करने वाले युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार किया है। सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि जामुल निवासी रोहित सिंह नामक युवक अपने घर से बाइक लेकर शुक्रवार की रात निकला था। चाय के दुकान में रोहित नशे की हालत में राम नगर मुक्तिधाम के चाय दुकान में देर रात 3-4 बजे बैठा मिला। तभी विजय उर्फ जय मार्कण्डेय और उसका नाबालिग दोस्त वहां से गुजर रहे थे। रोहित नशे में था कि वो ठीक से बाइक नहीं चला पा रहा था। इससे आरोपियों ने उसे देख हंसने लगे। इसी बात को लेकर रोहित ने दोनों को गाली गलौज कर दिया। गाली गलौज देने पर विजय मारकंडे और नाबालिग दोस्त उसे बाइक में लिफ्ट के बहाने बाइक लेकर रोहित को बीच में बिठा लिया। रोहित के पीछे विजय बाइक पर सवार हो गया। बाइक को नाबालिग चला रहा था। राम नगर छठ तालाब के पास जैसे पहुंचे युवकों ने चाकू निकालकर रोहित के गले पर ताबड़तोड़ वार करने लगे। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। बाइक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। चाय दुकान के आपपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। शव को छावनी पुलिस लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

### रेलवे स्टेशन से पकड़े गए आरोपी

शिकायत के बाद पुलिस ने विजय मारकंडेय को पावर हाउस रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया। दोनों डोंगरगढ़ भागने की फिराक में थे। मृतक रोहित के परिजनों ने पुलिस को बताया कि रात 9 बजे घर से निकला था। उसके बाद रात 3 बजे उसका फोन आया था कि वो दुर्ग में है और घर आ रहा है। इसके बाद सुबह 9 बजे परिजनों को सूचना मिली कि रोहित की हत्या हो गई है। मृतक काफी नशे में था और जय और नाबालिग दोस्त भी नशे में थे। गाली गलौज से परेशान दोनों युवकों ने तुंरत रास्ते से हटाने का प्लान तैयार कर मौत के घाट उतार दिया।

**तीन वार से हुई मौतः** नाबालिग ने बाइक चलाई और रोहित को विजय बाइक के बीच में बैठाकर तालाब की तरफ सुनसान जगह ले गया। इस दौरान बाइक चालू नहीं हुई तो नाबालिग युवक ने धक्का दिया। विजय बाइक को सुनसान जगह लेकर गया। वहां विजय ने रोहित को कसकर पकड़ लिया। नाबालिग युवक ने चाकू निकाला और उसके गले व आसपास तीन वार किए। इससे रोहित मौके पर मौत हो गई।




पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंची रेलवे जीएम नीनु

# रावघाट परियोजना का काम चल रहा बेहतर राज्य सरकार का सहयोग भी मिल रहा: जीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रेलवे जीएम नीनु इटियेरा पहली बार पावर हाउस रेलवे स्टेशन ट्रेन से पहुंची। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जीएम नीनू इटियेरा ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। बिलासपुर जोन के जितने भी स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काम चल रहा है, उसे चालू वित्त वर्ष के अंतिम तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा शनिवार को बिलासपुर से स्पेशल सेलून में विंडो इंस्पेक्शन करते हुए भिलाई पावर हाउस स्टेशन पहुंची। यहां पर उन्होंने संरक्षा से जुडे कार्यों और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों को देखा। उनके साथ रायपुर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार समेत रेलवे के अधिकारीगण मौजूद थे। जीएम ने बिलासपुर से भिलाई पावर हाउस स्टेशन तक रेलवे ट्रैक का स्पेशल सेलून की खिड़की से जायजा लिया। पावर हाउस स्टेशन पर जीएम नीनू इटियेरा चर्चा कर बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। जो भी काम चल रहें हैं उससे यात्री सुविधाओं में इजाफा होना है।

### अमृत भारत स्टेशन योजना में यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता



### चालू वित्त वर्ष खत्म होने तक काम पूरा

जीएम ने कहा कि रेलवे स्टेशनों में चल रहे अमृत मिशन योजना का काम चालू वित्त वर्ष खत्म होने तक काम पूरा करने का दिया लक्ष्य रखा गया है। रावघाट रेल लाइन को लेकर कहा कि इस परियोजना का काम ठीक ठाक चल रहा है। इसमें जुड़ी एजेंसी को राज्य सरकार से भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। वे पावर हाउस स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के सामान्य तौर पर अवलोकन करने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के दौरे पर निकल गई। इस दौरान उनके साथ बीएसपी सीईओ अनिर्बान दासगुप्ता मौजूद रहे। बिलासपुर वापसी से पहले रेलवे महाप्रबंधक नीनू इटियेरा भिलाई समेत कुछ और स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

**ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन से अवगत हुईः** बीएसपी के दौरा करने जीएम नीनु इटियेरा ने संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन और यूनिवर्सल रेल मिल में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया से अवगत हुई। रेलवे जीएम ने संयंत्र के मेन गेट के निकट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंची। जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया।

# किसानों को सात दिन बाद का टोकन, गुणवत्ता जांचने केन्द्रों में लगेगी धान की ढेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

किसानों को धान बेचने आगामी सात दिन बाद का टोकन जारी किया जा रहा है। प्रशासन का कहना हैं कि, इस बीच किसानों के उपज की जांच की जाएगी। वही नमी और गुणवत्ता को जांचने के लिए किसानों को खरीदी में केन्द्र में ढेरी लगाने कहा जा रहा है। इससे किसानो की समस्या बढ सकती है। क्योकि हमाल बारदाने में पल्टी कर ही खरीदी करते है। अब ढेरी (पाला) लगाने से हमाल और किसान में तूतू-मैमै की स्थिति निर्मित हो सकती हैं।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय दुर्ग के सभागार में धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में धान खरीदी के गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्था, किसानों एवं धान हेतु समुचित सुविधा, किसानों को भुगतान और गुणवत्तायुक्त धान खरीदी के संबंध आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि, धान खरीदी केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाओं की आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसानों को असुविधा न हो। केन्द्र में बोरा-सुतली, धान तौलने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन व मीटर सही स्थिति में हो। किसान से धान खरीदी का कार्य व्यवस्थित रूप से हो, किसानों को सुविधापूर्वक धान बेचने की व्यवस्था रखे। टोकन वाले किसानों को एक दिन पूर्व शाम के समय या खरीदी वाले दिन धान लाने दे जिससे जगह की समस्या न हो। इस दौरान किसानों के बैठने एवं पेय जल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## धान खरीदी की शुरूआती दौर में प्रशासन बरत रही सख्ती

### उपार्जन केन्द्रों में चस्पा करेंगे कोचियों की सूची

कलेक्टर ने कहा धान लाने पर आवश्यक रूप से ढेरी लगवाकर गुणवत्ता परीक्षण उपरांत धान खरीदे जाए। औसत उपज से अधिक धान लाने वाले कृषकों का टोकन जारी होने के पश्चात परीक्षण कर लें। मोटा-पतला, नये-पुराने धान की पहचान कर व्यवस्थित किया जाए। टोकन एक सप्ताह पूर्व कटेगा, इस बीच परीक्षण किया जाए। उपार्जन केन्द्र के कोचिया, बिचौलियां की सूची, टोल फ्री नंबर इत्यादि का प्रदर्शन हो। मिलर द्वारा मिल से ऑनलाईन चिन्हांकिन वाहन में ही धान लोड कराएं।




### डीओ कटने के सात दिन भीतर उठाव

हरिभूमि द्वारा अपने शनिवार के अंक में कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों द्वारा पंजीयन नही कराने के मामले में खबर प्रकाशित की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने डीओ कटने के उपरांत 7 दिन के भी धान उठाव सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। इधर कहा कि, नगद भुगतान की स्थिति में प्रबंधक पर्याप्त मात्रा में राशि की व्यवस्था रखे। उन्होंने कहा फर्जी किसान का एक दाना भी समिति में नहीं लिया जाए। इसके लिए एसडीएम एवं नोडल अधिकारी धान खरीदी की सख्ती से निगरानी रखें। समितियों में धान उठाव में किसी प्रकार की समस्या आने पर एसडीएम से समन्वय बनाकर निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## खबर संक्षेप



### सुराना कॉलेज में सामान्य ज्ञान स्पर्धा 26 को

**दुर्ग।** सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को भारत के संविधान एंव मानव अधिकार विषय पर आधारित अन्तरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एंव संयोजक डॉ. प्रमोद यादव ने बताया कि प्रतियोगिता की अवधि एक घण्टे की होगी। कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। प्रतियोगिता के प्रश्न भारत के संविधान एवं मानवाधिकार विषय पर आधारित होंगे। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय दुर्ग से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय से तीन प्रविष्टियाँ 20 नवंबर तक महाविद्यालय के ईमेल पर प्रेषित किये जा सकते है।

### नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम में हुए संशोधनों के परिक्षेप्य में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि नियत करते हुए उसके आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी आदेश एवं कार्यक्रम में पुनः संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचन नामावली तैयार करने का संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 20 नवम्बर, दावें-आपत्तियों का निपटारे की अंतिम 25 नवंबर प्रारूप क.1 से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27, प्रारूप क.1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 13 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

### मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति कार्य शुरु

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 16 नवंबर एवं 17 नवंबर को समस्त मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जायेगा। उक्त दिवस समस्त मतदान केन्द्रों में अभिहित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## विडंबना : नगरीय निकायों में हजारों पीएम आवास का निर्माण पूरा नहीं

# पुराने पीएम आवास बिके नहीं, अब पीएम-2 के लिए ले रहे अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम निकायो में करोडों रूपए खर्च कर पीएम आवास बनाए गए थे। वर्तमान में इन आवासों की स्थिति खंडहर हो गई है। साइड में देखे तो ठेकेदार भी मकान बनाने रूचि नही ले रहे है। कई निकायो में तो ठेकेदार काम छोडकर भाग गए है। ऐसे में निकाय किस मूंह से पीएम दो का संचालन करेगी, यह समझ से परे है। निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण करोडों रूपए के मकान कौडीभर की सुविधा लायक नही रही।

जिले के दुर्ग, भिलाई, रिसाली और चरौदा निकायों में करोडों रूपए की लागत से पीएम आवास वर्ष 2018 में शुरू किए गए थे। जिसका आबंटन तो दूर निर्माण ही पूरा नही किया गया है। जबकि सत्ता बदलने के साथ ही नेताओं के चेहरे बदल गए, लेकिन यहां हजारों पीएम आवास बनने से पहले ही खंडहर में तब्दील हो रहे है। मौके पर न तो ठेकेदार उपस्थित और न ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस तरह के हालात दुर्ग जिले के भिलाई, दुर्ग और रिसाली निगम में हालात निर्मित है। मिली जानकारी अनुसार धमधा रोड माइल स्टोन स्कूल खम्हरिया के पास मोर मकान मोर चिन्हारी और मोर मकान मोर आस योजना के तहत करीब आठ सौ मकान वर्ष 2018 से बन रहे है। साइड के कर्मचारियों की माने तो प्रोजेक्ट को वर्ष 2019 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब तक मकान पूरा नही हो सका है। मकान का पूर्ण निर्माण नही होने के कारण आबंटन भी नही हो सका है। सूत्रों ने बताया कि, यहां निर्माण छोडकर कई बार ठेकेदार पेमेंट नही होने क कारण भाग चुके है। यही हाल दुर्ग में पुलगांव वार्ड में सैकडों मकान खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। दुर्ग में पुलगांव, सरस्वती नगर, पोटियकला, बघेरा सहित अन्य वार्डो मे विभिन्न योजनाओं के तहत डेढ हजार मकान बनाए गए हैं। लेकिन आबंटन को लेकर निकाय ही उदासीन नजर आ रही हैं।

### मोटी रकम खर्च करने के बाद भी खंडहर में तब्दील हो रहा पीएम आवास



#### पुलगांव में पीएम आवास खंडहर

नगरनिगम दुर्ग द्वारा पुलगांव वार्ड में करोडों की लागत से पीएम आवास तैयार किया गया है। यहां मकान तो बन गए हैं। लेकिन आबंटन प्रक्रिया नही होने से यह खंडहर में तब्दील होने लगी हैं। यहां आसामाजिक तत्वों का ढेरा हो गया है। मकान तो बनाए गए है। लेकिन सडक नाली व बिजली पानी की भी व्यवस्था नही हुई है। बताया जा रहा हैं कि ठेकेदार भी कई सालो से काम बंद कर चुका है। मानिटरिंग के अभाव में करोडों रूपए फूंकने के बाद सुविधा कौडी की नही रही।

#### 23 में मिले सिर्फ चार करोड़ रूपए

मोर मकान मोर चिन्हारी योजना में 2107 हितग्राहियों से 23 करोड 47 लाख रूपए वसूल करना था। जिसमें सिर्फ 1476 ने ही चार करोड अस्सी लाख रूपए जमा किया है। जबकि इस योजना के तहत दुर्ग, भिलाई और चरौदा, रिसाली में 6422 मकान बनाए गए है। जिसमें से आबंटन सिर्फ 1266 मकानों का ही किया गया है। इसमें रिसाली में 493 मकान बने थे। जिसमें पिछले साल अगस्त माह तक एक भी मकान का आबंटन नही हो पाया था।

#### मोर मकान मोर आस की स्थिति

प्रधानमंत्री आवास मोर मकान, मोर आस के तहत दुर्ग, भिलाई, चरौदा और रिसाली में 1971 मकान बनाए गए है। इसके लिए 3849 आवेदन आए थे। जिसमें 1672 को चयनित किया गया था। इसमें सिर्फ 297 लोगों ने राशि जमा की थी। जिसके चलते 219 को मकान आबंटित किया गया था। हांलाकि बाद भी और लाटरी निकाला गया था।

# पीएफएमएस फंड से फर्जी दस्तखत कर निकाले लाखों




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

तकियापारा स्कूल के प्राचार्य रहे नौशाद खान द्वारा फर्जी तरीके से पीएफएमएस की राशि निकाली गई है। इस मामले की शिकायत होने के बाद तत्कालीन डीईओ अभिय जायसवाल जांच कराई थी। जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी उनके द्वारा कार्यवाही नही की गई हैं। वही उनके बाद आए डीईओ अरविंद मिश्रा द्वारा भी जांच कराई गई। जिसमें भी प्राचार्य दोषी पाए गए। लेकिन इसके बाद भी दोनो डीईओ ने मामला दबा दिया हैं।

- **दो डीईओ ने कराई जांच, दोषी होने की पुष्टि, फिर**

तकियापारा हाई स्कूल के प्राचार्य रहे नौशाद खान को बीस अक्टूबर 2022 को फरिदनगर हाई स्कूल में प्राचार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी उनके हस्ताक्षर के जरिए तकियापारा स्कूल के फंड को 24 मार्च 2024 तक निकाली जा रही थी। इस आर्थिक अनियमितता की शिकायत राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ छग के प्रांतीय कोषाध्यक्ष रूद्र नारायण सिन्हा द्वारा की गई थी। उन्होने इस गंभीर मामले की शिकायत तत्कालीन डीईओ अभय जायसवाल और वर्तमान डीईओ अरविंद मिश्रा दोनो से की थी। लेकिन दोनो डीईओ द्वारा कार्यवाही नही किए जाने से खपा शिकायतकर्ता ने अब इसकी शिकायत संयुक्त संचालक दुर्ग से की हैं।

### लाखों रूपए किया गया वारा-न्यारा

पीएफएमएस की राशि स्कूल के संचालन के लिए उपयोग किया जाता है। लेकिन केन्द्र के जरिए जारी किए गए इस राशि को प्रचार्य द्वारा गलत तरीके से निकाला गया। उनका रिलिव दूसरे स्कूल में किए जाने के बाद भी तकियापारा स्कूल के लिए फंड निकाला गया। आर्थिक अनियमितता के इस मामले को विभाग द्वारा दबाए जाने से सवाल खडे हो रहे हैं।

# अभियान में महिलाओं को दी गई स्वालंबी बनने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पोटीया कला में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत आज 60 से अधिक महिलाओं स्वावलंबन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर मुख्य अथिति के रूप में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश मंत्री एवम प्रसिद्ध उधोग पति समाज सेवी अशोक राठी तथा लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के पूर्व अध्यक्ष एवम स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे, युवा व्यवसाई आशुतोष यादव शामिल हुए। पोटियाकला के सतनाम भवन में स्वावलंबन को कैसे बढ़ाए इस अवसर पर अशोक राठी ने युवाओं से अपील करते हुए महिलाओं के उत्पादों को बेचने के लिए आगे आने का आग्रह किया। अशोक राठी ने उपस्थित महिलाओं कहा की आप बनाए गए सामान की बिक्री के लिए चिंता न करे हम आपके लिए दुकानदारों से आपके बीच एक सेतु का काम करके आपके बनाए उत्पादों को बिक्री करवाने में सहयोग करेंगे। इसी कड़ी में स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि, यह पहल महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबी भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आगे चौबे ने बताया कि यह अभियान दिखाता है कि कैसे कौशल विकास और समाज का सहयोग मिलकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया सकता है। गौरतलब है कि, स्वावलंबी भारत अभियान के तहत पोटियाकला, उरला, कुम्हारी, जोरातराई में क्रेन ऑपरेटर तथा क्रेन मेंटेनेस, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवम सुधारने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस तारतम्य में अशोक राठी ने कहा कि, युवाओं को स्वावलंबन एवं सहायता की कोई भी आवश्यकता हो तो वे निसंकोच संपर्क कर सकते है।

- **कार्यक्रम में 60 से अधिक महिलाएं हुईं शामिल**




# सदस्यता अभियान की कामयाबी पर मनाया जश्न



**दुर्ग।** भाजपा के राष्ट्र व्यापी प्राथमिक सदस्यता अभियान में दुर्ग जिले ने पूरे प्रदेश में सबसे पहले लक्ष्य हासिल करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार और ऐतिहासिक उपलब्धि से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय में इकट्ठे होकर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जश्न मनाया। प्रदेश सदस्यता अभियान संयोजक अनुराग सिंह देव, और जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिला सदस्यता टीम और मंडल सदस्यता टीम ने जबरदस्त सक्रियता के साथ काम करते हुए जमीनी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। सदस्यता अभियान में जमीनी कार्यकर्ताओं ने अपना शत प्रतिशत योगदान देकर दुर्ग जिले को गौरव दिलाया है। प्राथमिक सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा हर 6 साल में होने वाले प्राथमिक सदस्यता अभियान 2 सितंबर से प्रारंभ हुआ और लगातार ढाई महीने तक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा के साथ डोर टू डोर जाकर इसे पूरा किया है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व में दुर्ग जिला संगठन को 2 लाख 13 हजार 48 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया था, जिसे दुर्ग जिले ने 15 नवंबर को पूरा किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-2 की हितग्राहियों ने ली योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पीएम आवास योजना शहरी 2.0 रैपिड असेसमेंट सर्वे के कार्य का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। इसके लिए दुर्ग निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रशेखर स्कूल में पांच वार्डों के लिए एक साथ शिविर का आयोजन किया गया। जहां वार्ड 1, 2, 34, 35 के अलावा 56 के कई हितग्राहियों ने योजना का लाभ लेने के लिए फार्म लेने पहुंचे। इसके अलावा कई हितग्राहियों ने शिविर में पीएम आवास योजना शहरी 2.0 की लाभ की जानकारी प्राप्त किया। शिविर में 31 आवेदनकर्ता आए थे जिसमें से 3 आवेदकों द्वारा जमीन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए है।

- **18 को गयाबाई स्कूल में वार्ड 3, 4, 5 एवं 6 के लिए शिविर**



आवेदनकर्ता को विस्तृत जानकारी बताई गई है।

नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि सर्वे करवा कर समय अवधि में आवेदन करने वाले हितग्राहियों को मकान की सुविधा प्रदान की जाएगी। जो भी मकान बनेगा वह गुणवत्तापूर्ण होगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज प्रधानमंत्री आवास प्राप्त करने वाले हितग्राही को प्रस्तुत करना होगा। यहाँ प्रमुख दस्तावेज़ों में आवेदन के साथ निवास प्रमाणपत्र, आवेदक 31 अगस्त 2024 के पूर्व से नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में निवासरत हो, आवासीय योजना लाभ प्रमाण पत्र, शपथ पत्र जिसमें यह कहा गया हो कि आवेदक ने 20 वर्ष से किसी भी आवासीय योजना का लाभ नहीं लिया है, वार्षिक आय प्रमाणपत्र, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम हो, इसके लिए आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है, आधार कार्ड में आवेदक और उसके पूरे परिवार माता-पिता सहित का नाम होना अनिवार्य है। भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, आवेदक का बैंक पासबुक जो आधार से लिंक हो जमा करना होगा, आवेदक का एक पासपोर्ट साइज फोटो देना होगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है, यदि बीपीएल राशन कार्ड हो तो उसे प्रस्तुत करना होगा, यदि आवेदक दिव्यांग है तो दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

## सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ समारोह का आयोजन

# आदिवासी समाज के रीति-रिवाज को करे आत्मसात -सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी कॉलेज में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेशवासियों को सम्बोधित किया।

- **बीआईटी कॉलेज में किया गया आयोजन**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान पीढ़ी को छत्तीसगढ़ के आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, शौर्य का परिचय कराया, उसके लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के शक्ति, साहस और वीरता के कारण आज हमारा देश आजाद हुआ है। उन्होंने ब्रिटिश व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह मुंडा जनजाति थे। इस अवसर पर जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णतः प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मसूर मिनी किट, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर एम.भार्गव, एडीएम अरविंद एक्का, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, संयुक्त कलेक्टर हितेश पिस्दा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



### जनजाति गौरव दिवस के रूप में मना रहे

विशिष्ट अतिथि विधायक रिकेश सेन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को पूरे प्रदेशवासी 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मना रहे हैं। यह जयंती पूरे प्रदेश में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने सभी जिलेवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज हम सभी एकत्र होकर भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती का समारोह मना रहे है, जिन्होंने आजादी के आंदोलन में अहम योगदान दिया है।

### जिले में 11 छात्रावास संचालित

कलेक्टर ने कहा कि जिले में भी आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 7 बालक एवं 4 कन्या छात्रावास इस प्रकार कुल 11 अनुसूचित जनजाति के छात्रावास संचालित है, जिसमें 220 बालक एवं 227 कन्या कुल 447 विद्यार्थी निवास करते हुए अध्ययनरत है। इन छात्रावासों से बहुत से विद्यार्थी महत्वपूर्ण शासकीय पदों पर चयनित हुए है। छत्तीसगढ़ में कुल 15 प्रयास विद्यालय संचालित है। जिसमें से सर्वसुविधायुक्त 500-500 सीटर 03 प्रयास विद्यालय दुर्ग जिले के अंतर्गत संचालित है। प्रयास आवासीय विद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण पश्चात 3 विद्यार्थी एमबीबीएस, 3 विद्यार्थी आईएलटी, 21 विद्यार्थी एनआईटी, 2 विद्यार्थी आईजेएलटी एवं 139 विद्यार्थियों का बीएएमएस फार्मेसी इंजीनियर संस्थाओं में चयन हुआ है।

# डोड़की स्कूल में बालमेला बच्चों ने लगाए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शनिवार को बगलेस डे पर शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की में बालमेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खाने-पीने की वस्तुओं का स्टाल लगाए। बच्चों ने उत्साह के साथ फल की दुकान, पोहा सेंटर, मैगी, बड़ा, भजिया, भेल, ब्रेड पकोड़ा, अप्पे चना के चटकारे, इडली दौसा सेंटर, गुपचुप सेंटर लगाए मॉडल प्रदर्शनी में चंद्रयान-3, पर्यायवाची, विलोम शब्दों जैसे सामग्री का प्रदर्शन किए। जिसमें बच्चों के साथ साथ पालकों ने मेले का आनंद लिया। बच्चों ने विद्यालय में मेला लगाकर दैनिक जीवन से रूबरू हुए। बाल मेला में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि अंजोरीराम वर्मा, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रूपसिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन साहू, सदस्य नीरा साहू, पुष्पा साहू, राजकुमार साहू, पुनीत साहू, बीरेंद्र यादव एवं पालकगण फ़मेश्वर, कुशल साहू आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### गायत्री महायज्ञ स्थल का सेलूद में भूमिपूजन आज

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में आयोजित होने वाले 24 कुण्डीय यज्ञ संस्था के द्वारा 17 नवंबर को स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल मैदान सेलूद में दोपहर 2 बजे यज्ञ स्थल भूमिपूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिसमें सेलूद सहित आसपास के ग्रामवासी शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र, अध्यक्षता लाजेश कुमार वर्मा प्रमुख ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ आमालोरी, विशिष्ठ अतिथि रमशीला साहू पूर्व केबीनेट मंत्री छग शासन, डॉ. दया राम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, हर्षा चन्द्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, खेमिन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद, विशेष अतिथि एसपी सिंग समनवयक उप जोन भिलाई आदि उपस्थित रहेंगे। गायत्री शक्ति पीठ के समन्वयक अशोक सिंग राजपूत ने जानकारी प्रदान किया गया कि 2 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक होने वाले 24 कुंडीय महायज्ञ, शक्ति संवर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन के आयोजन ग्राम सेलूद के पावन धरती पर विशाल आयोजन किया गया है। जिसमे लगभग सेलूद के आसपास के पचास हजार सनातनी शामिल होंगे।

### शास प्राथ शाला सिरसिदा में बाल दिवस मनाया



**अंडा।** पीएमश्री शास प्राथ शाला सिरसिदा में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं नेहरू के विलक्षण जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बाल दिवस क्यों मनाते हैं, इस पर डीएमसी अनुराग त्रिवेदी ने विस्तार से चर्चा किया। बीआरपी परमेश्वर साहू ने कहा कि बाल दिवस में विविध कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमें बच्चों को कार्यक्रम भाग लेने का अवसर मिलता है इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि इसे मनोरंजन न समझे ऐसे कार्यक्रम से शाला को नई पहचान मिलती है। बाल दिवस के अवसर पर संगीत के माध्यम से अनेक कार्यक्रम जैसे नृत्य, फैंसी ड्रेस, खेल, ड्राइंग पेंटिंग, रंगोली, बाल मेला आदि हुआ ।

## निधन

### टी डेविड

**भिलाई।** सड़क-30, रूम नं. 7/D, सेक्टर-7 निवासी टी. डेविड उम्र 60 वर्ष निवासी का निधन 14 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 नवंबर को नेहरू नगर क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया गया। वे जयदीप, दिव्या और दीपा के पिता थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए हैं।



### बाहरू राम देवांगन

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी निवासी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बाहरू राम देवांगन उम्र 74 वर्ष का आकस्मिक निधन 16 नवंबर हो गया। वे अशोक देवांगन के पिता थे।



### मीना दुबे

**भिलाई।** 9 ए, सडक 16, सेक्टर 10 भिलाई निवासी मीना दुबे उम्र 65 वर्ष का निधन 16 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बसंत दुबे की पत्नी व सव्यसाची, डॉ. श्रुति दुबे की मां एवं डॉ. आशुतोष द्विवेदी व श्वेता दुबे की सास थीं।



### बीरम टांक

**भिलाई।** महमरा दुर्ग निवासी बीरम टांक का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी यात्रा 17 नवंबर को गृहग्राम महमरा निवास से शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे घनश्याम टांक, प्रसून टांक के पिता थे।



# गुरुनानक देव का संदेश पूरे प्राणी जगत को प्रकाश देता है: एके जैन

## सशिमं उमा विद्यालय जामगांव आर में गुरुनानक देव की 555 वे जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

गुरुनानक देव की 555 वे जयंती समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला, रंगोली, निबंध, भाषण, सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता रखा गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिए। दो बच्चे गुरुनानक देव के भेष में मंचासिन रहे जो आकर्षण का केंद्र बना रहा और जयंती का मौन संदेश देते रहे।

व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश पूरे प्राणी जगत को प्रकाश देता है।

गुरु के अभाव में भटकना तय मानिए गुरु बिना ज्ञान संभव नहीं है। मानव अपनी मानवता नहीं भूले गुरुदेव का यह संदेश जीवन संवार देगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जिस विधा में काम कर रहा है उसे धर्म सम्मत करे परिणाम में सुकून शांति साथ में आएगा। सर्व विदित है जो जैसा बीज बोएगा वैसा ही फसल आयेगा। भविष्य में अपना भला चाहते हो तो काम भी भला का करते जाए। छलकपट प्रपंच करके अच्छे-अच्छे भविष्य की आशा नहीं पाले।

### गुरुदेव ने सादा जीवन उच्च विचार का दिए संदेश

प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि गुरुनानक देव व्यक्ति को सादा जीवन उच्च विचार के साथ जीवन जीने की सीख दिए। मानवता की रक्षा करने में मानव अग्रणी भूमिका निभाए, एक दूसरे को क्षति पहुंचाने की कुचेष्टा ना करें। उन्होंने कहा कि गुरु के ज्ञान से जीवन में छाई अंधेरा दूर होती है प्रकाश आते ही जीवन संवरने लगता है।



### ज्ञान से जीवन संवरता है

व्यवस्था प्राचार्य धनेश्वरी साहू ने कहा कि गुरुदेव का ज्ञान आत्मसात कर विवेक जागृत करे। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति का विवेक पूर्वक उपयोग करे जो जीवन में अच्छा परिणाम आएगा लेकिन मनमाने ढंग से गलत उपयोग करेंगे तो दुष्परिणाम से जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। ज्ञान से जीवन संवरती है और अज्ञानता से जीवन बर्बाद होती है। संचालन व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर ने किया। आभार प्राथमिक व्यवस्था प्रधानाचार्य सुनीता सेन ने किया।

## शासन-प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी नहीं दे रहे ध्यान

# प्लांट के धुएं से फैल रहा प्रदूषण ग्रामीणों को टीबी और त्वचा रोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

औद्योगिक क्षेत्र रसमड़ा बोरई के अंतर्गत बहुत बड़ा प्लांट सुविधि इस्पात के नाम से लगा हुआ है जिससे आसपास के जितने भी ग्राम है खपरी, अंजोरा, सिलोदा, रसमड़ा, पिपरछेड़ी, गनियारी, जोरातराई, मनगटा, महमरा, दुर्ग शहर तक उनकी जो प्रदूषण है फैल रही है।

प्लांट के अधिकारियों के द्वारा 24 घंटा एसपी को नहीं चला रहे हैं और उनकी जो धुआं एवं डस्ट आसपास के ग्रामों में, खेत खलियानों में, नदी नालों में, तालाबों में उनकी जो प्रदूषण है विगत 1 माह से बहुत ही ज्यादा हो गई है फैल रही है। धुएं के फैलने से ग्राम के निवासियों में त्वचा रोग, टीवी रोग फैल रही है। शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी प्लांट के जिम्मेदार लोग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके लिए हम सबको जागरूक होना है।

### उग्र आंदोलन करने की तैयारी में हैं ग्रामीण



अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, महमरा, पेपरछेड़ी, गनियारी, बोरई, जोरातराई, मनगटा के लोगों को जागरूक होना है। वही लोगों का कहना है कि जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक को आवेदन देने के बाद एक दिन बायपास रोड में बैठकर चक्का जाम करेंगे तभी इनका हल निकलेगा अन्यथा हम लोग और हमारे आने वाले बच्चे प्रदूषण से प्रभावित होकर एक दिन मर जाएंगे। वहीं लोगों से अपील किया जा रहा है कि आसपास के जितने भी गांव के निवासी हैं एवं जन प्रतिनिधिगण सभी को सुविधि इस्पात कंपनी के गेट के सामने बैठकर जब तक उग्र आंदोलन नहीं किया जाता तब तक प्रशासन के अधिकारीगणों को मजबूर होकर मौके में आकर इस विकराल समस्या का समाधान करना होगा।

शिकायतकर्ता पूर्व सरपंच व उपाध्यक्ष भाजपा अंजोरा मंडल दुर्ग ग्रामीण, राम खिलावन, मन्नु चंद ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, चेतन साहू, नन्दु निर्मलकर, भगवानी साहू, चेतना ठाकुर, कृष्णा यादव, गणेश, बुधराम, सेवा राम, मुकेश, प्रकाश, नन्दु पवार, राकेश निषाद, राजकुमार, हीरामन, तरुण, संतोष, सतीश, राम सिंह साहू, राजू साहू, किशोर साहू, प्रमोद सेन, विजय साहू सहित खपरी, सिलोदा, रसमड़ा के ग्रामीण जन ने उग्र आंदोलन करने की तैयारी में हैं।

## धमधा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्रीय विधायक से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

धमधा नगर पंचायत में भाजपा पार्षद के कामों को अनदेखी करने एवं हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू से धमधा भाजपा मंडल महामंत्री भूषण ढीमर, सुनील गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बृजेन्द्र दानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमन लाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन जैन, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव, भाजपा पार्षद आरुणी दानी, प्रतिमा यादव, शशि यादव, भूषण धीवर, चेतन सोनकर, संदीप टोन्डरे, चनद्रिका भट्ट, नरेश चन्द्र साहू, अशोक यादव, धर्मपाल पटेल, पीयूष ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद ताम्रकार, कुंजीलाल ताम्रकार, कुमारी टोन्डरे, मनीषा ताम्रकार, लक्ष्मी मिश्रा आदि ने साजा विधायक ईश्वर साहू से मिलकर धांधली बंद करने की मांग की है। नेताओ ने कहा है कि जनसमस्या निवारण शिविर में आये आवेदन पर विचार नहीं कर सिर्फ धांधली करने के उद्देश्य से अन्य कामों पर अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए ध्यान दिया गया है। साथ ही नगर पंचायत सीएमओ ओपी ठाकुर अध्यक्ष की बातों को ज्यादा महत्व दिया जाता है। ऐसे सीएमओ को तत्काल हटाने की मांग की है। विधायक ने सभी के बातों को सुनते हुए धमधा नगर पंचायत में धांधली करने वाले के ऊपर सख्त कार्यवाही किये जाने की बात कही है।

- धांधली करने वाले के ऊपर सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की

## कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने मटंग के किसानों को मित्र किट की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रेवेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में रावे/ रेडी कार्यक्रम 2024-25 का उन्मुखीकरण कार्यक्रम चयनित ग्राम मटंग में संचालित है। सहायक प्रध्यापक डॉ. नियती पाण्डेय ने किसानों को बताया कि ऐसे कीट भी होते है जो किसान के मित्र कीट होते है, जिसे कीट परभक्षी कहते हैं जो फ़सल को नुकसान पहुंचाने वाले कीट को खाते हैं। इसके अलावा प्रकाश प्रपंच, चिपचिपा प्रपंच के बारे में बताया। नई तकनीकों तथा प्राकृतिक तरीकों को अपनाकार किसान पर्यावरण को संतुलन बना सकते हैं।

- नई तकनीकों और प्राकृतिक तरीकों को अपनाकार किसान पर्यावरण को संतुलन बना सकते हैं

इस दौरान रावे के छात्रों ने कीटनाशक बनाने की विधि एवं महत्व को बताया। गांव के घनश्याम पटेल के बाड़ी में जाकर मिर्ची तथा लहसुन का घोल बनाकर सब्जीयों में छिड़काव किया। जिससे होने वाले कीट के प्रकोप पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर होमलाल वर्मा, संतोष साहू, सियाराम यादव, कुमार निर्मलकर, बिसंतीन हिरवानी, सुशीला साहू, गोदावरी चंद्राकर, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बच्चों का संस्कार पक्ष पढ़ाई के साथ मजबूत होना चाहिए: प्राचार्य पिल्लई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

स्वामी आत्मानन्द शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के प्राचार्य राजेश पिल्लई का प्रशासनिक स्थानांतरण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोदा में मूल पद व्याख्याता पर हो गया है। 2022 से ढाई वर्षों तक अनुशासन, रिजल्ट और बच्चों को सर्वांगीण विकास उपलब्ध कराने में श्री पिल्लई बेजोड़ साबित हुए जिसकी पालक, बालक समिति स्टॉफ सभी ने सराहना किए। इनके मार्गदर्शन में बच्चे विभिन्न विधाओं में जिला प्रदेश राष्ट्रीय स्तर तक विद्यालय का नाम रोशन करने में कामयाब हुए। पिल्लई विद्यालय में बच्चों को संस्कारित करने अनेकों विधा अपनाते रहे स्वयं बच्चों के बीच उपस्थित होकर उनकी ऊर्जा बढ़ाया करते थे। विद्यालय का संचालन प्रभार वरिष्ठ व्याख्याता चेतना ठाकुर के हाथों संचालित है। शाला विकास समिति अध्यक्ष पद पर अंगेश्वर साहू आसीन है। समय एवं कर्मठता के पाबंद राजेश पिल्लई कुशल प्रबंधन की छाप छोड़ गए।

- प्राचार्य राजेश पिल्लई को स्थानांतरण पर दी विदाई



### सुंदर स्मरण पूरा जीवन रहेगा

एक भेंट में प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि सर्विस जीवन का सुंदर स्मरण जामगांव आर की धरा के साथ पूरा जीवन रहेगा। उन्होंने कहा कि हर हालत में बच्चों का संस्कार पक्ष पढ़ाई के साथ मजबूत होना चाहिए।

### चंदखुरी स्कूल में नेवता भोजन का आयोजन

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने अपने पुत्र के जन्मदिन के शुभ अवसर पर शासन की योजना नेवता भोजन के अंतर्गत कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के बच्चों के लिए खीर-पुड़ी बनवाया गया। जिसमें बच्चों के साथ शाला प्रबंधन समिति सदस्य दुष्यंत चंद्राकर राधेलाल सोनी, दिव्या तिवारी, दुर्गा देशमुख एवं प्रधानपाठक बाबूराय साहू, देवकीनंदन शर्मा, त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, स्वाति प्रसाद, विजयलक्ष्मी पाटिल, योगेश्वरी हरमुख, सुनीता आदि शिक्षको ने नेवता भोजन का आनंद लिया।






















विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## बिजनेस साइट

### पेट रोगों के लिए कब्ज का काल स्नेह कब्जनाल चूर्ण

**भिलाई।** आप ने कब्ज की बहुत से दवा ली लेकिन बात नहीं बनी समस्त पेट रोगों के लिए आशीर्वाद स्नेह कब्जनाल चूर्ण यह केवल मल को ही साफ नहीं करता बल्कि आंतों का शोधन कर नये पुराने चिपके हुए मल को शोधन कर बाहर निकालता है। पेट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता हैं पेट के गट लाइन को शक्ति देकर सभी रोगों से सुरक्षा प्रदान करता हैं। पेशाब से जाने वाले सफेद चिपचिपे पदार्थ को तुरंत बंद करता है। कोई भी बीमारी की दवा आप जो ले रहे है वो ठीक से काम क्यों नहीं करता क्योंकि आपके आंतों में पुराने मल की सड़न जो आंतों में चिपके हुए हैं इसके कारण कोई भी दवा शीघ्रता से काम नहीं करता इसका एक ही कारण हैं। स्नेह कब्जनाल चूर्ण सभी मेडिकल स्टोर में उपलब्ध।




### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से ही: डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, न, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नहीं होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

# जमीन फर्जीवाड़ा मामले में 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन का फर्जीवाडा करने के मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सब्जी मंडी सुपेला भिलाई निवासी रविन्दर सिंह ने शिकायत किया है कि ग्राम मुरमुंदा तहसील धमधा निवासी लेखचंद साहू से जमीन का सौदा कर उसे 25 लाख रुपए दिया गया। लेकिन जमीन का रजिस्ट्री कराने के लिए लेखचंद आनाकानी कर रहा था। इसे लेकर पीड़ित कई बार रकम वापस करने के लिए आरोपी से गुहार लगाई लेकिन आरोपी रुपए नहीं दिया बल्कि उसे लगातार घुमाता रहा। घटना 27 जनवरी 2021 का है। आरोपी ने जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में पीड़ति क्रेता के साथ सहमति पत्र निष्पादित किया गया था कि भूस्वामियों को जमानत मिलने के 6 माह के भीतर उक्त इकरारशुदा भूमि क्रेता को रजिस्ट्री करवा देगा या फिर रकम वापस करेगा। लेकिन आरोपी ने सहमति पत्र का उल्लंघन कर धोखाधड़ी की। इसे लेकर पीड़िता ने लेखचंद साहू के अलावा ओमी राय, डोरेलाल के खिलाफ लिखित शिकायत एसपी से किया। जांच के बाद लेखचंद साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का माला जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने ग्राम मुरमुंदा की कुल 5 एकड़ जमीन की 30 लाख रुपए में सौदा कर खरीदी के लिए भूस्वामी डोरेलाल, गयाराम साहू, शुकन साहू, रेखा साहू से 3 जुलाई 2019 को इकरारनामा व मुख्तयारनामा किया था। लेकिन भूस्वामियों द्वारा जमीन की रजिस्ट्री करवाने व सौदा के एवज में दिए गए राशि वापस लौटाने में टालमटोल की जा रही थी। निजी आवश्यकता का हवाला देते हुए क्रेता से ऋण पुस्तिका भी वापस ले ली थी। भूस्वामियों द्वारा धोखाधड़ी करने के नियत से पिछले दो वर्षों से किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर रविन्दर सिंह ने शिकायत सुपेला पुलिस थाना में की गई थी। मामले में सुपेला पुलिस द्वारा उन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया गया। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया।

## जमानत के बाद रुपए लौटाने या रजिस्ट्री का भरोसा दिया था

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के परिवार पक्ष के लेखचंद साहू, ओमी राय ग्राम मुरमुंदा तहसील धमधा निवासी ने पीड़ति रविंदर सिंह से आकर मुलाकात किया। आरोपियों को जमानत पर रिहा करवाने का निवेदन किया। आरोपियों के जमानत पर रिहा होने के 6 माह के भीतर इकरारनामा के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री करवा देने या सौदा के एवज में दिए गए राशि लौटाने का भरोसा पीड़ित को जताया। रविंदर सिंह को 3 अलग-अलग चेक में 5 लाख की राशि भी दी गई थी,लेकिन लेखचंद साहू द्वारा निष्पादित सहमति पत्र का पालन नहीं किया। पीड़ति द्वारा 23 मार्च 2022 को कोतवाली पुलिस में शिकायत किया।

# पूर्व सीएम भूपेश ने कहा रिकेश सरकार का मोहरा तो रिकेश बोले - जो जेल में बंद वो आपके हैं कौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ में स्कूल बंद का पोस्ट करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बीच सोशल वार शुरू हो गया है। शुक्रवार को विधायक सेन ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ में सरकार ने कौन सा स्कूल बंद किया है, सवाल करते हुए भिलाई के सुपेला थाना में सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी परोसने को लेकर शिकायत की है । इसके बाद शनिवार को बघेल ने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर विधायक को भाजपा सरकार का मोहरा कह दिया। विधायक सेन ने जवाब में कहा कि छत्तीसगढ़ के ढ़ाई हजार करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में जेल में बंद लोग आपके कौन हैं? ये सभी आपके शासनकाल में सीएम के खास सिपेहसालार और मनपसंद अधिकारी ही थे। जो पांच साल तक घोटालों का ताना-बाना बुनते छत्तीसगढ़ के राजस्व को लगातार चूना लगाते रहे। अब हज़ारों करोड़ का घोटाला करने वाले लोग सरकार की व्यवस्थित योजनाओं पर किस मुंह से सवाल कर

- ट्विटर पर पूर्व मुख्यमंत्री और वैशालीनगर विधायक के बीच दिलचस्प भिड़ंत

## पूर्व सीएम के पोस्ट में शराब बेचने का विरोध



आपको बता दें कि आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा है कि जब से मैंने "मनपसंद ऐप" और रेस्टोरेंट में खुलेआम शराब बेचने के भाजपा सरकार के फ़ैसले का विरोध किया है, तबसे इनका सिस्टम हिल गया है। "मनपसंद ऐप" के ब्रांड एम्बेसडर अब अपने विधायकों को पुलिस के पास भेजकर मेरे खिलाफ शिकायत करा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि विधायक तो सिर्फ़ मोहरा हैं, इस "डबल इंजन" में कुछ शराब माफ़ियाओं का इंजन भी जुड़ा हुआ है, जो हम सबके भारी विरोध के बाद बिगड़ा है।

## विधायक ने दिया ऐसा जवाब



इस पोस्ट के जवाब में विधायक रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा की सरकार है और भारतीय जनता पार्टी में सभी अपने पद और कर्तव्य को भलि भांति निभाने वाले सिपाही होते हैं। मोहरा तो कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश जी आपने बना रखे थे। आपके शासनकाल का एक एक भ्रष्टाचार से पर्दा उठने लगा तो आपके मोहरे एक के बाद एक जेल की सलाखों के पीछे जा रहे हैं। भूपेशजी जेल में बंद अधिकारी और आपके सलाहकार एक तरह से मोहरा ही तो बने हुए हैं, जैसे जैसे जांच में सच सामने आता जा रहा है जिस तरह साम्राज्य धराशाई हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है कि मोहरे बहुत जल्द मंत्री संतरी को भी इकट्ठा करते हुए भ्रष्टाचार की मलाई खा कर छत्तीसगढ़ को लूटने वाले सभी सलाखों के पीछे साथ दिखाई देंगे। भूपेश बघेलजी आप मेरे और मेरी सरकार के विषय पर कहने से पहले अपना आंकलन भी अब कर ही लीजिए। शराब घोटाले में आपके साथी और आपके कार्यकाल के दौरान आपके सहयोगी अधिकारी, जो नकली शराब और नकली होलोग्राम के मामले में गिरफ्तार हैं, उनके बारे में भी कुछ कहिए, छत्तीसगढ़ की जनता को ट्वीट कर ये वास्तविकता भी बताइए कि वो आखिर आपके हैं कौन...?

## बालमेला में बच्चों ने लगाया व्यंजनों का स्टॉल

सेलूद। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद में बाल मेला का आयोजन हुआ। स्कूल परिसर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाकर बाल मेला का आयोजन किया। इस अवसर सरपंच खेमिन खेमलाल साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष तारेंद्र बंछोर, सांसद प्रतिनिधि सीता बंछोर, विधायक प्रतिनिधि त्रिभुवन यदु , एसएमडीसी के सदस्यगण जयंत साहू, तुकाराम सेन, टीआर शर्मा, किरण सोनवानी, प्राचार्य एमबी बंजारे सहित पालकगण, शिक्षकगण व बच्चे उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301




04 दिन की यात्रा
12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

पेट, आंत, लिवर एवं पैंक्रियास रोग विशेषज्ञ

क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेंट में जलन
- आँतो में जखम
- कब्जियत
- पैंक्रियास में सूजन
- लिवर खराब होना
- पित्त की नली में पथरी
- गैस
- एसिडिटी
- पीलिया
- लिवर सिरोसिस
- हेंपेटाइटिस
- आंतों का कैंसर

डॉ. जीवनलाल घीड़ले
MD (Med.) DM
(Gastro-PGI Chandigarh)
Senior Consultant Gastroenterologist, Interventional Endoscopist, and Hepatologist.
CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electricity Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE
सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़


हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज
IRON LIFE
Freedom RAIPUR RUN
1 DEC 2024
10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Title Sponsor: Freedom Refined Sunflower Oil
Prayer Partner: भारतवासी
Associate Sponsors: CONCRETE TMT & PIPES, IB GROUP, ABIS, RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION, RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT, Vachan
Outdoor Partner: ASA ADVERTISING AGENCY
WIN CASH PRIZE
10 Km. Category Winners (Men & Women) INR 50,000 Each
5 Km. Category Winners (Men & Women) INR 25,000 Each
Free T-Shirt • Free Medal • Certificate on Completion
FOR REGISTRATIONS : ironlife.in

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129


02



शारीरिक गतिविधियों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर दें ध्यान

लाइव इवेंट

## दुर्ग में देवांगन समाज का जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को



**भिलाई।** जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में महिला एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा 24 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर दुर्ग में सामाजिक और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में पुनर्विवाह करने के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा अथवा विधुर को भी अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। पूर्व में यह सम्मेलन 17 नवंबर को प्रस्तावित था, जो अपरिहार्य कारणों से अब 24 नवंबर को आयोजित होगा। समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, मंत्री लखनलाल देवांगन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश देवांगन, दिनेश देवांगन, प्रकाश देवांगन आदि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद देवांगन करेंगे। देवांगन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर लगातार बैठकों का भी आयोजन किया जा रहा है।

- कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे शामिल
- पुनर्विवाह के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर को भी जीवन साथी चुनने का अवसर

### सामाजिक स्मारिका का भी होगा विमोचन

इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारी प्रकाशित की जाएगी। सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा हेतु आयोजित कोर समिति की बेठक में देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन, कार्य. अध्यक्ष राकेश देवांगन, सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति देवांगन, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशीष देवांगन, भिलाई अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन सहित कार्यकारिणी के सदस्य गण उपस्थित थे।

सिटी इवेंट

## खेल व युवा कल्याण विभाग में 16 पदों के लिए निकली वेकेंसी

**भिलाई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग में वार्डन, स्टोरकीपर, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पदों पर संविदा भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 29 नवंबर तक फार्म भरे जा सकते हैं। कुल 16 पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। इनमें राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर हेतु वार्डन (पुरूष) 1 पद, वार्डन (महिला) 1 पद, स्टोरकीपर 1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 1 पद एवं भृत्य के 02 पद शामिल हैं। इसके साथ ही मैदानी कार्यालयों के लिए भृत्य के 10 पद शामिल हैं। आवेदन पत्र और विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट sportsyw. cg.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं। इसके अलावा भर्ती को लेकर गाइड लाइन जारी की गई है। लंबे समय बाद ये भर्तियां निकली हैं। संविदा में यह भर्तियां होंगी। रायपुर के अलावा अन्य जिलों में भी भर्तियां की जाएंगी।

लाइव इवेंट

## बास्केटबाल चैम्पियनशिप का ट्रायल, 80 खिलाड़ी हुए शामिल

**भिलाई।** 39 वीं यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन वेस्ट बंगाल में होना है। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक प्रतियोगिता आयोजित होनी है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिकाओं की टीम का ट्रायल शनिवार को हुआ। पंत स्टेडियम में 35 बालिकाओं और 45 बालकों ने ट्रायल दिया। प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में पंत स्टेडियम सेक्टर-1 में किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ के समन्वयक राजीव चौबे ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि बास्केटबॉल खेल में छत्तीसगढ़ का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर है। इसे कायम रखने की जिम्मेदारी सब खिलाड़यिों की है। उन्होंने अच्छे प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी। संयंत्र बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोरने खिलाड़ियो को प्रोत्साहित करने और उनको जीतने की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की सुविधाओं को और बेहतर करने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आरएस गौर, अंजनी कुमार द्विवेदी, सहीराम जाखड़ सहित अन्य मौजूद थे।



- 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक वेस्ट बंगाल में होनी है प्रतियोगिता


● जैन कला केंद्र सेक्टर-6 में किया जा रहा आयोजन, आज होगा समापन

# भरतनाट्यम व कथकली मुद्राओं के जरिए समझाया नवरस, कलाकारों ने कहा-आंखों का बड़ा रोल



कलाकारों के साथ मुलाकात हो तो वह न केवल अपने अनुभवों को लेकर बातें साझा करते हैं, बल्कि अपनी कला के बारे में भी विस्तार से बताते हैं। चाहे कला की विधा कोई भी हो। ऐसा ही माहौल देखने को मिला जैन भवन सेक्टर-6 में आयोजित नादोत्सव में। यहां पर जैन कला केंद्र के 50वें स्थापना दिवस पर क्लासिकल, सेमिक्लासिकल, गैर क्लासिकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 17 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को कलाकारों ने भरतनाट्यम और कथकली मुद्राओं के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 75 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।





**भिलाई।** कलाकार अपने पालकों और गुरुओं के साथ आयोजन स्थल में पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान कला के क्षेत्र से जुड़े कलाकारों ने भरतनाट्यम और कथकली डांस के बारे में बताया कि कौन से डांस में किस तरह से मुद्राएं होती हैं। नवरस- श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत रस के बारे में न केवल बताया, बल्कि मुद्राओं के जरिए भी इन नवरस को समझाया। वहीं कथकली में हाव-भाव बताने में आंखों का अहम रोल होता है। साथ ही एक्सरसाइज करके भी बताया कि कैसे इन मूवमेंट्स को ओर बेहतर कर सकते हैं। जैन मिलन द्वारा संचालित जैन कला केंद्र सेक्टर 6 के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता का आयोजित की जा रही है।

### एक लाख के पुरस्कार

जैन समाज के प्रदीप बाकलीवाल, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, मंत्री संजय चतुर, भागचंद जैन, अनुपम जैन ने बताया कि 17 नवंबर को प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी दिन दीपावली मिलन समारोह भी मनाया जाएगा। प्रतियोगिता में अलग-अलग कैटेगरी के विजेताओं को 1 लाख रुपए से ज्यादा के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पहली बार इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इसमें प्रदेश के दुर्ग, भिलाई के अलावा राजनांदगांव, रायपुर, बालोद, कवर्धा सहित अन्य क्षेत्रों से कलाकार प्रस्तुति देने पहुंचे हैं।



### मेयर धीरज हुए, नादोत्सव का समापन आज

शनिवार को आयोजन में दुर्ग निगम के मेयर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए। उन्होंने आचार्य विद्यासागर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। महिला महाविद्यालय की प्राचार्य संध्या मदन मोहन ने जैन मिलन जैन ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाकलीवाल ने कहा कि आयोजन प्रशंसनीय है। भविष्य में और भी बड़े आयोजन का प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम में जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश , ऋषभ जैन, कमल जैन, संजय चतुर, भागचंद जैन, संजीव जैन, अनुपम जैन, राजेश जैन सहित अन्य मौजूद थे। 17 नवंबर को आयोजन का अंतिम दिन है।

## विद्यार्थियों ने लगाए गुपचुप-चाट के स्टॉल, विधायक ने किया अवलोकन

**भिलाई।** सरस्वती शिशु मंदिर उतई में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने खानेपीने के सामानों के स्टॉल भी लगाए। आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और स्वस्थ जीवन देना ज़रूरी है, ताकि वे आगे चलकर समाज और देश के लिए योगदान दे सकें। चंद्राकर ने लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किय। बच्चों का उत्साह बढ़ाया, रचनात्मक कार्यों की सराहना की। साथ ही स्टालों से सामान खरीदकर बच्चों को प्रोत्साहित किया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े।



उन्होंने कहा कि आयोजन बच्चों की शिक्षा, संस्कृति और समाज में उनके योगदान को उजागर करने का बेहतरीन माध्यम बन गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चंदू देवांगन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सोहन रिंगरी, लक्ष्मीनारायण साहू, रूपेश पारख, होरीलाल साहू, भोजराज साहू, तारकेश्वरी देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## नन्हें स्काउट-गाइडस ने दिखाया सेवा का जज्बा, अच्छे और मजबूत सेवाकार्य का वायदा



**दुर्ग।** स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े छोटे स्कूली बच्चों ने अधिकारियों के सामने सेवा का जज्बा दिखाया। उन्होंने अच्छे और मजबूत सेवाकार्यों का वायदा मुख्य आयुक्त डॉ, सोमनाथ यादव के समक्ष किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि जिला में स्काउटिग में कसावट आए और स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर की सहभागिता बढे। इससे पहले वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, मुख्य आयुक्त जीत यादव, डीईओ अरविंद मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कब बुलबुल द्वारा बड़ी सलामी दी गई। लार्ड बेडेन पॉवेल के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। जनरल सैलूट और स्काफ, बुके से स्वागत किया गया। खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्काउटर-गाइड से रूबरू चर्चा की गई। वर्तमान में प्रथम बार छत्तीसगढ़ राज्य में गाइड़ विंग की अंतर्राष्ट्रीय जम्बूरी में 125 देश भाग लेने की संभावना है। इसलिए अपने जिले में गतिविधियां करें। इस दौरान वर्षा ठाकुर, गोविंद साव, तनवीर अकील, सरस्वती गिरिया, आनंद राम बघेल, नीरज साहू, हेमा चंद्रवंशी, अमिता हरमुख, कल्पना शुक्ला मौजूद थे।

युवोदय के स्वयंसेवकों की अनोखी पहल, स्कूली बच्चों को बनाया जा रहा हुनरमंद

कार्नर न्यूज

# बच्चों ने सीखा कच्ची मिट्टी आर्ट, पेंटिंग, स्केचिंग, ग्रैफिटी और मड स्कल्पटिंग में भी हाथ आजमाया

दुर्ग। युवोदय के स्वयंसेवकों ने स्कूली बच्चों को हुनरमंद बनाने कार्यशाला का आयोजन किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला में बच्चों को मिट्टी के आर्ट के अलावा पेंटिंग, स्केचिंग, ग्रैफिटी और मड-स्कल्पटिंग जैसी कलाओं की बारीकियां बताई। युवोदय स्वयंसेवकों के लिए कच्ची मिट्टी आर्ट स्टूडियो में आर्टिस्ट शांतनु मिश्रा ने बताई। इस कार्यशाला में युवोदय स्वयंसेवकों के साथ स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूली बच्चों को कला के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में आर्ट के प्रति रुचि विकसित करना और उनके रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना था।



### आयोजन के दौरान लगाई गई प्रदर्शन

कार्यशाला का समापन एक छोटी प्रदर्शनी से हुआ, जहां बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए कला कार्यों को प्रस्तुत किया। कच्ची मिट्टी आर्ट स्टूडियो और युवोदय का यह सामूहिक प्रयास बच्चों के जीवन में कला के महत्व को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही तय किया गया कि नियमित रूप से ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। ताकि बच्चों को हुनरमंद बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान बच्चों को पेंटिंग, स्केचिंग, ग्रैफिटी और मड-स्कल्पटिंग जैसी कला विधाओं में हाथ आजमाने का अवसर मिला। मिश्रा ने बच्चों को हर विधा की बारीकियों को समझाने के साथ ही उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर सनशाईन हायर सेकंडरी स्कूल की शिक्षिका भावना अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

### बच्चों में होती है असीमित कल्पना शक्ति

आर्टिस्ट शांतनु मिश्रा ने कहा कि बच्चों के पास असीमित कल्पनाशक्ति होती है, जिसे कला के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर देना जरूरी है। इस तरह की कार्यशाला बच्चों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। युवोदय के जिला समन्वयक ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास में मददगार साबित होती है।



## सिटी इवेंट

# बीएड के छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुती



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबंधा भिलाई में शिक्षा संकाय दवरा चाचा नेहरू को याद करते हुए बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएड के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके पश्चात चाचा नेहरू के चित्र पर प्राचार्य, अकादमिक डीन, शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी । आयोजन की अगली कड़ी में बीएड छात्र रॉबिन एक्का ने पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ पीएस वर्गीस ने कार्यक्रम की सराहना की तथा भावी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० एमजी रोईमोन ने कहा कि समृद्ध समाज के लिए आज भी पंडित नेहरू के विचार प्रासंगिक है तथा बच्चों के सहयोग से हम एक बेहतर भारत का भविष्य बना सकते हैं। अकादमिक डीन डॉ देबजानी मुखर्जी ने कहा कि शिक्षा संकाय के द्वारा ऐसे आयोजन हमारे भावी शिक्षकों के भविष्य में प्रेरणास्त्रोत होंगे, उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए चाचा नेहरू के बारें में महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की । शिक्षा संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ शीजा थॉमस और समन्वयक डॉ कन्हैया पाण्डेय एवं चंदन डेकाटे ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बाल दिवस केवल छोटे बच्चों को ही नही सभी आयु वर्गो को मनाना चाहिए ताकि सभी पं नेहरु के मार्गदर्शन का अनुसरण कर सकें। कार्यक्रम का संचालन बीएड छात्र जे प्रिजेश और निकिता मित्रा ने किया। इस अवसर पर सभी बच्चे विद्यार्थी काफी उत्सहित दिखे।

- सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई में हुआ आयोजन
- स्टूडेंट्स ने बाल दिवस पर चाचा नेहरु को किया याद



## स्पोर्ट्स इवेंट

# 8वीं एशियन आर्म रेसलिंग स्पर्धा में स्नेहा ने जीता सिल्वर मेडल



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की छात्रा स्नेहा सिंह ने 8वीं एशियन आर्म रेसलिंग स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीत कर देश का नाम रोशन किया। यह स्पर्धा मुंबई में आयोजित की गई थी, जिसमें दस देशों के प्रतिभागी शामिल थे। मुंबई में आयोजित की गई स्पर्धा के विषय में जानकारी देते हुए प्राध्यापक डॉ निहारिका देवांगन ने बताया कि स्नेहा सिंह विश्वविद्यालय की बीएससी माइक्रो बायोलॉजी की छात्रा है और स्कूल के समय से आर्म्स रेसलिंग की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही है। इस स्पर्धा में स्नेहा ने दाएं एवं बाएं दोनों आर्म्स रेसलिंग स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीते हैं जिसकी सभी ने सराहना की। इसी तरह 7वीं पैरा एशियन आर्म्स रिसेलिंग स्पर्धा में भी उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा और कुलपति डॉ ए के झा, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, कुलसचिव पी के मिश्रा ने बधाई दी है।

- श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की स्नेहा ने रचा इतिहास




### गजानन मंदिर में हुआ तुलसी विवाह



**भिलाई।** गजानन महाराज मंदिर हुडको परिसर में तुलसी विवाह समारोह का विधि-विधान पूर्वक आयोजन किया गया। जिसमे वर पक्ष से संजय खानखोजे परिवार तथा वधू पक्ष से राजेंद्र जपे परिवार पूजन में सम्मिलित हुए। बराती व घराती के रूप मे श्रीगजानन महाराज के भक्त व संस्था के सदस्यों ने सम्मिलित होकर विवाह की रस्में निभाई। विवाह समारोह के बाद सभी के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मांगलिक कार्यो की शुरुआत हुई।

## ● गुरु नानक देव के आदर्शो पर चलने युवाओं ने लिया संकल्प

# प्रकृति और संस्कृति को सहेजने का संदेश देते हुए 555 दीप प्रज्वलित कर मनाया प्रकाश पर्व

**भिलाई।** प्रकृति और संस्कृति को सहेजने का संदेश देते हुए हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए हाउसिंग बोर्ड सिख समाज ने सिंधी समाज का किया सम्मान किया। इस दौरान रंगोली व चित्रकला के माध्यम से प्रकृति व संस्कृति बचाओं का संदेश दिया गया। गुरु नानक देव के 555 में प्रकाश पर्व पर 555 दीप प्रज्वलित कर प्रकाश पर्व मनाया। शाम को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गुरु नानक के संदेशों को भजनों व नृत्य के माध्यम से मानवता के साथ जीने का संदेश दिया संदेश। इस दौरान समाज के युवाओं और प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज द्वारा पिछले 60 वर्षों से उनके पूर्वजो की परंपरा का निर्वहन करते हुए साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी में प्रार्थना, भजनों एवं नारों द्वारा सत्य, अहिंसा, एकता, प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। जहां पर विश्व आरोग्य एवं वैश्विक एकता के साथ सभी का भला होने की अरदास की गई। इस वर्ष पहली बार प्रभात फेरी के समापन पर कौमी एकता की मिसाल पेश करते हए अनूठी पहल के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड सिख समाज के द्वारा हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज का हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे में स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिसमें गुरुद्वारा गुरु अरजन देव के अध्यक्ष जसबीर सिंह हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, संरक्षक नरेश नागदेव, सचिव अनिल थारवानी को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया।



### सजाई खूबसूरत रंगोली, व 555 दीप

साईं झूलेलाल धाम में प्रकृति व संस्कृति को सहजने का संदेश देते हुए रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। जिसमें आरती नागदेव, अंजली रोहरा, दिशा कुकरेजा एवं चित्रकला में प्रतिभागी गीतिका धनकानी, चारवी कुकरेजा, भव्य कुकरेजा ने प्रकृति को सहेजने एवं संस्कृति को जीवंत रखने का संदेश देते हुए रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। शाम के समय 555 दीपों को जलाकर गुरु नानक देव का जन्मोत्सव जयकारे लगाकर मनाया गया।



### रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

नानक देव की जयंती के अवसर पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत के माध्यम से प्रकृति को सहेजने एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए भजनों द्वारा अमृत कृष्णानी, लक्ष्य थारवानी, योगगुरु देवांशी ने अरदास की।नृत्य में भी गुरुनानक देव के संदेशों की प्रेरणा देने वाले नृत्यों में अनन्या थारवानी, नायशा नागदेव, एलिशा कृष्णानी, आयुषी प्रेमचंदानी, भावना नागदेव, चहक बढ़ानी, अगम पिन्यानी, सोनाक्षी शामनानी, एकता थारवानी और आयुषी लालवानी ने प्रस्तुति दी। जिसमें सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतिभावान युवा व वरिष्ठजन हुए सम्मानित




समाज की धरोहर समाज के युवाओं को भी गुरुनानक देव के संदेश के अनुरूप हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी रहने के लिए समर्पित युवा पंकज आहूजा, मयूर नारवानी, कार्तिक गढ़वानी, पवन राजपाल, राहुल साहनी, हरीश पिन्यानी, मयूर पिन्यानी, पवन छाबड़िया, कमल हेमनानी, आकाश नागदेव, शुभम बजाज, जयेश तलरेजा, ध्रुव नारवानी को प्रतीक चिन्ह देकर एवं पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। समाज के शिक्षारत्न अदिति लालवानी को सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 95% महक जैसवानी को 12वीं परीक्षा में 95% अंक अर्जित करने पर शिक्षा रत्न के रूप में सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सिंधु संस्कृति रत्न सम्मान प्रदीप प्रेमचंदानी, पवन केसवानी एवं सुभाष भगत को प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के संरक्षक गिरीश कृष्णानी, अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, महिला अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव द्वारा मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मंदिर निर्माण की हुई घोषणा

# बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर गाजे-बाजे के साथ निकली निशान यात्रा



**भिलाई।** श्री श्याम मित्र मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा श्याम प्रभु का जन्मोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल और क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। श्री श्याम मित्र मंडल ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर श्याम बाबा की छवि का राजस्थान से आगमन होने के बाद सुबह निशान यात्रा निकाली गई, जो हाउसिंग बोर्ड हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर दुर्ग कादंबरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। गाजे-बाजे के साथ निकली इस पैदल यात्रा में इस वर्ष लोगों ने बढ़ चढ़कर निशान हाथ में धाम दुर्ग श्याम मंदिर पहुंचें । इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम भजन संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें भजन गायक राहुल सांवरा दिल्ली, निहाल ठाकरान कोलकाता, शिवम रावल इंदौर ने दुर्ग के निर्मल म्यूजिकल ग्रुप के साथ अपनी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी श्याम दरबार में पूजा अर्चना कर भजनों का रसपान किया। क्षेत्रीय विधायक रिकेश सेन भी कार्यक्रम में पहुंचे और श्याम भजन में लीन होकर थिरकते हुए नजर आए। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों में मंदिर निर्माण के लिए दान के रूप में राशि की घोषणा करने होड़ मच गई। मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की समाप्ति तक लगभग 40 लाख रुपए के मंदिर निर्माण की घोषणा हुए। रात्रि में महाप्रसाद और आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विश्व मधुमेह दिवस पर चर्चा

# शारीरिक गतिविधियों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर दें ध्यान



**भिलाई।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। डॉ. शमा ए. बेग माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष ने मधुमेह के प्रकार, लक्षणों और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सवित्री शर्मा विभागाध्यक्ष कला ने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं पर बात की। डॉ. नीना बागची ने खानपान और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से मधुमेह रोकथाम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से टाइप 2 मधुमेह को रोका जा सकता है। डॉ. रजनी मुदलियार ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के समावेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीकी साधनों का उपयोग करके हम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और सस्ती बना सकते हैं। मोहिनी शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना मधुमेह नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग की एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा खुशी चौधरी ने मधुमेह के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और इसके निवारण के सामूहिक प्रयासों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों और समाज के सभी लोगों को मधुमेह के प्रति जागरूक रहकर स्वास्थ्य का ख्याल रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगिता लोखंडे और समीक्षा मिश्रा किया।

## फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा नराकास स्तरीय हिंदी श्रुति लेखन स्पर्धा का आयोजन

# अच्छी लिखावट एक शिल्प और विजुअल आर्ट, राइटिंग बनाती है बेस्ट इम्प्रेशन और निखरती है पर्सनालिटी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड निगमन कार्यालय भिलाई के मिनी ऑडिटोरियम में नराकास स्तरीय हिंदी श्रुति लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रभाकर सिंह ठाकुर उप महाप्रबंधक, प्रभारी राजभाषा महाप्रबंधक बीएसपी सौमिक डे एवं सचिव नराकास भिलाई-दुर्ग, शिक्षाविद आचार्य डॉ महेश चंद्र शर्मा, हिंदी व्याख्याता गायत्री पात्र, अंग्रेजी व्याख्याता बीना कबिराज, राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रभाकर सिंह ठाकुर ने कहा कि अच्छी हैंड राइटिंग अच्छा इम्प्रेशन बनाने के साथ व्यक्ति की पर्सनालिटी निखारती है, कुछ लोगों की लिखावट इतनी सुंदर होती है कि देखने वाले दंग रह जाते हैं उन्होंने आगे कहा कि अच्छी लिखावट एक शिल्प और विजुअल आर्ट है, जिसमें अक्षरों को अलग-अलग तरीकों से पेपर या किसी अन्य सतह पर उकेरा जाता है।



### हिंदी जनजन की भाषाः डॉ. शर्मा

मुख्य अतिथि सौमिक डे ने कहा कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की दिशाा में किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि फैरो स्क्रैप निगम लिमिटेड राजभाषा के सांविधिक एवं संवैधानिक दायित्वों को निर्वहन करने में निर्बाध रूप से लगा हुआ है। निर्णायक गायत्री पात्र और बीना कबिराज ने भी सभा को संबोधित किया। आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने हिंदी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी जन जन की भाषा है, हिंदी में सभी भारतीय भाषाओं को समाहित किया गया है। राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने नराकास सदस्य संस्थानों से आये प्रतिभागियों को राजभाषा संवैधानिक प्रावधानों सहित अपने-अपने संस्थान में राजभाषा हिंदी में कैसे कार्य किया जाए की जानकारी प्रदान की।

### यह रहे विजेता



फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई–दुर्ग स्तरीय हिंदी श्रुति लेखन प्रतियोगिता के हिंदी भाषी वर्ग प्रथम हरीश कुमार देवांगन, द्वितीय केदार नाथ सोनबेर, तृतीय किशोर कुमार साव, सांत्वना रामचंद्र अग्रवाल, बैंक ऑफ इंडिया पूजा सिंह बीएसपी, परमेश्वर बीएसपी, उमा साहू एफएसएनएल, सौरभ मिश्रा भारतीय डाक विभाग एवं हिंदीत्तर भाषी वर्ग प्रथम सतीश सदाशिव मोकल एफएसएनएल, द्वितीय बुद्धभूषण, दिलीप यशवंते, पूजा पुंडलिक पाटिल सशस्त्र सीमा बल, सिन्धुजा प्राथुरी बैंक आफ इंडिया, सायली संतोष बांबल भारतीय खादय निगम, तनया रमेश गडलिंग भारतीय खाद निगम, वंदना चौधरी एचएससीएल को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान एफएसएनएल निगमन कार्यालय एवं भिलाई इकाई में आयोजित राजभाषा माह–2024 के विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने किया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सुपरहीरो डैड बनना चाहते हैं क्रिस कैप्टन अमेरिका ने किया खुलासा



हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस अपनी आगामी फिल्म रेड वन को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। क्रिस इवांस, जिन्होंने पिछले साल अपनी पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा से शादी की थी। अब क्रिस इवांस ने पिता बनने के बारे में खुलासा किया है। हॉलीवुड स्टार क्रिस इवांस मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिका के किरदार के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन अब क्रिस एक सुपरहीरो पिता बनना चाहते हैं। कैप्टन अमेरिका अभिनेता ने अपने सह-कलाकार ड्वेन जॉनसन के साथ अपनी आगामी फिल्म रेड वन का प्रमोशन किया और जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जॉनसन की तरह पिता की भूमिका निभाना चाहेंगे, जो तीन बेटियों के पिता हैं, तो इवांस ने कहा ₹हां, मुझे उम्मीद है। हां, बिल्कुल।₹ क्रिस को मार्वल्स एवेंजर्स में कैप्टन अमेरिकाः द फर्स्ट एवेंजर (2011) से लेकर एवेंजर्सः एंडगेम (2019) के अलावा मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) फिल्मों में कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाने के लिए पहचाना जाता है। एवेंजर्स फ्रैंचाइजी में उनके काम ने उन्हें दुनिया के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में शामिल कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म रेड वन के प्रमोशन के दौरान क्रिस ने कहा, ₹पिता बनना काफी रोमांचक होगा।₹ एवेंजर्स अभिनेता ने सितंबर 2023 में पत्नी अल्बा बैप्टिस्टा के साथ शादी

### टॉलीवुड

## ट्रोलिंग के बाद साउंड मिक्सिंग पर फिर काम करेंगे सूर्या की 'कंगुवा' के निर्माता



कंगुवा के निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने फिल्म के तेज साउंड डिजाइन की आलोचनाओं के बारे में बात की। संगीतकार देवी श्री प्रसाद का बचाव करने वाले निर्माता ने खुलासा किया कि यह उनकी धुनों के साथ समस्या नहीं है। सूर्या की मुख्य भूमिका वाली पीरियड फैंटेसी फिल्म कंगुवा 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में उतरी। शिवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों और आलोचकों दोनों से नकारात्मक समीक्षा मिल रही है। पुराने आधुनिक समय के हिस्से और तेज साउंड डिजाइन ने कंगुवा को सिनेप्रेमियों के लिए बेकार अनुभव बना दिया। हालांकि, निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने हाल ही में साउंड मिक्सिंग पर फिर से काम करने को लेकर टीम की योजना के बारे में बात की और खुलासा किया कि कंगुवा 2 को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है।

हाल ही में कंगुवा के निर्माता केई ज्ञानवेल राजा ने फिल्म के तेज साउंड डिजाइन की आलोचनाओं के बारे में बात की। संगीतकार देवी श्री प्रसाद का बचाव करने वाले निर्माता ने खुलासा किया कि यह उनकी धुनों के साथ समस्या नहीं है। ज्ञानवेल राजा का कहना है कि यह फिल्म की साउंड मिक्सिंग है, जो गलत हो गई। उन्होंने आगे कहा कि कंगुवा टीम फिल्म के साउंड मिक्सिंग को फिर से बनाने और वॉल्यूम को कम करने की योजना बना रही है। केई ज्ञानवेल राजा ने कहा कि कंगुवा 2 बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि शिवा निर्देशित फिल्म को सकारात्मक समीक्षा मिल रही है और फिल्म के केवल पहले 20 मिनट की ही आलोचना की जा रही है। निर्माता दूसरी किस्त को और भी ज्यादा शानदार बनाने की योजना बना रहे हैं, बड़े पैमाने पर और बड़े बजट पर बनाने की कोशिश है। निर्माता ने यह भी कहा कि यह फिल्म जल्द ही कुछ दिनों में सूर्या की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी।

सूर्या ने दो किरदार निभाए, एक 'कंगुवा', जो एक आदिवासी योद्धा है और दूसरा 'फ्रांसिस', जो एक आधुनिक युग का इनाम शिकारी है। दिशा पाटनी एंजेलिना के रूप में और बॉबी देओल खलनायक के रूप में नजर आए। कंगुवा' को इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताया गया है।


### छॉलीवुड

## 'गणितबाज' की शूटिंग शुरू होगी अगले माह



डायरेक्टर एवं राइटर सुनील सागर के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'गणितबाज' का मुहूर्त हाल ही में हुआ। इस दौरान डायरेक्टर सतीश जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके साथ निर्माता एवं गीतकार अशोक तिवारी, डायरेक्टर नरेश केशवानी, प्रोडयूसर एवं समाजसेवी जेठू साहू, डायरेक्टर आलोक स्वर्णकार, फिल्म प्रोडसूयर डी के देवांगन, एक्टर सुनिल दत्त मिश्रा, छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के अभिनेता पुष्पेन्द्र सिंह व संजय महानंद की उपस्थिति में केक काटकर एवं क्लिपिंग देकर फिल्म का मुहुर्त किया गया। इस दौरान मराठी व छत्तीसगढी फिल्में के प्रसिद्ध निर्देशक विजय गुमगांवकर एवं उसके प्रोडयूसर राजन सूर्यवंशी नागपुर विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। डायरेक्टर सुनील सागर ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर के दूसरे सप्ताह से बिलासपुर, रायपुर के अलावा छत्तीसगढ के अन्य मनोरम स्थलों पर की जायेगी। वहीं फिल्म के गानों की शूटिंग देश के सबसे खूबसूरत व मनोरम स्थानों पर होगी। उन्होंने आगे बताया कि यह फिल्म छत्तीसगढ में बनी अब तक की सभी फिल्मों से अलग हटकर बनेगी जिसे देखने पर दर्शको को खूब आनंद आयेगा।

लाइफ स्टाइल







## भारतीय पुरुष मॉडल्स का वर्चस्व

अब वह दौर बीत गया जब आपको मिलान, लंदन और न्यूयॉर्क के फैशन शो में सिर्फ़ एक या दो भारतीय पुरुष चेहरे ही नज़र आते थे। अब यह तादाद लगातार बढ़ रही है। हाल ही में भारतीय मॉडल ऋषि रॉबिन, रवि गोस्वामी, प्रतीक शेट्टी, फरहान आलम, प्रणव भार्गव, तुहिर ब्रह्मभट्ट और प्रभा उप्पल ने ग्लोबल रैंप पर जलवा बिखेरा, जिसमें जियोर्जियो अरमानी, डोल्से एंड गब्बाना, नील बैरेट और अलेक्जेंडर मैकक्वीन जैसे प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। उन्होंने एक नया नज़रिया पेश किया, जिससे साबित हुआ कि मॉडलिंग पुरुषों के लिए भी एक गंभीर पेशा है।

## किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक देगी परफेक्ट लुक यहां जानिए सभी डिटेल

वैसे तो लिपस्टिक का इस्तेमाल खूबसूरती को बढ़ाने के लिए ही होता है, लेकिन यदि इसके रंग का चयन सोच-समझ के न किया जाए तो गलत लिपस्टिक लगाने से लुक बिगड़ भी सकता है। आपको किस रंग के कपड़ों के साथ कैसी लिपस्टिक चुननी चाहिए, यह जानना जरूरी है। लिपस्टिक के रंग का चयन मेकअप के हिसाब से भी करना चाहिए।

### काले कपड़े

यदि आप ब्लैक रंग के आउटफिट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ क्लासी लुक के लिए रेड लिपस्टिक, सॉफिस्टिकेटेड लुक के लिए वाइन रंग और मिनिमल लुक के लिए न्यूड शेड की लिपस्टिक का चयन करें।

### सफेद कपड़े

यदि आप सफेद रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं तो एलिगेंट लुक के लिए गुलाबी या पीच टोन की लिपस्टिक, क्लासी लुक के लिए कोरल लिपस्टिक और बोल्ड लुक के लिए डार्क



रेड लिपस्टिक कैरी करें।

### लाल कपड़े

लाल रंग के कपड़ों के साथ यदि मेकअप मिनिमल रखा है तो न्यूड शेड की लिपस्टिक, क्लासी और फेमिनिन लुक के लिए सॉफ्ट पिंक और सर्दियों के मौसम में वाइन रंग की लिपस्टिक लगाएं।

### नीले कपड़े

यदि नीला आउटफिट कैरी कर रही हैं तो नेचुरल लुक के लिए रोजी पिंक या न्यूड लिपस्टिक का चयन करें। सॉफ्ट लुक के लिए आप पीच लिपस्टिक का चयन कर सकती हैं। बोल्ड लुक के लिए वाइन कलर बेस्ट रहेगा।

### पीले कपड़े

पीले रंग के कपड़ों के साथ आप यदि वाइब्रेंट लुक कैरी करना चाहती हैं तो कोरल और पीच टोन की लिपस्टिक का चयन करें। सिंपल लुक के लिए आप न्यूड पिंक का भी चयन कर सकती हैं।

### गुलाबी कपड़े

लड़कियों को गुलाबी रंग के कपड़े काफी पसंद आते हैं। इसके साथ यदि आप फेमिनिन लुक कैरी करना चाहती हैं तो डीप रोज रंग की लिपस्टिक का चयन करें। ग्रेसफुल लुक के लिए लाइट पीच रंग की लिपस्टिक चुनें।

## नायरा कट कुर्ती सेट के खास डिजाइंस आपको बनाएंगे और ज्यादा खूबसूरत

फैशन





ऑफिस जाना हो या रोजाना के लिए पहनना हो, कुर्ती पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं कम दामों में बढ़िया चीजें खरीद लेना हर किसी के बस की बात नहीं होती है।



लेटेस्ट डिजाइंस की बात करें तो नायरा कट डिजाइंस काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नायरा कट कुर्ती सेट के कुछ खास डिजाइंस जो आपको केवल 500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

### चौड़े घेरे बॉर्डर कुर्ती सेट

इस तरीके के चौड़े बॉर्डर वाले कुर्ती सेट आपको ऑनलाइन लगभग 300 रुपये से लेकर 450 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह का डिजाइन आपको लंबी दिखने में सहायता करेगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप गोल्डन कलर की झुमकी इयररिंग्स को पहन सकती हैं।

### बांधनी डिजाइन नायरा कुर्ती सेट

यह आप ऑफिस वियर के लिए ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बांधनी डिजाइन कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 430 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सिंपल कुर्ती डिजाइन के साथ पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### पार्टी वियर नायरा कुर्ती सेट

पार्टी वियर लुक के लिए अगर आप मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के कढ़ाई वर्क वाले नायरा कट कुर्ती सेट को पहन सकती हैं। इस तरह का कुर्ती सेट आपको मार्केट में लगभग 499 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

## सर्दियों में ड्राई स्किन वाले ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, वरना बढ़ जाएगी परेशानी

लगभग हर किसी को सर्दियों का मौसम काफी पसंद होता है। इस मौसम में लोग घूमने-फिरने जाते हैं और अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते हैं। इसके साथ ही घरों में भी हीटर जलाकर आराम से रजाई में बैठना लोगों को काफी लुभाता है लेकिन इन्हीं सर्दियों के मौसम का त्वचा पर हमेशा गलत ही असर पड़ता है।

सर्दियों में त्वचा रूखी-सूखी होने लगती है, जिसकी वजह से कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ज्यादातर लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखने के लिए स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, जोकि हर किसी के बस की बात नहीं है। खासतौर पर जब बार आती है ड्राई स्किन वाले लोगों को उनको तो सर्दियों के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में हम आपको सर्दियों में त्वचा में नमी बनाए रखने के कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनको अपनाकर आप अपनी ड्राई त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्चने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन सभी तरीकों को फॉलो करना काफी आसान है, तो आइए देर ना करते हुए आपको इस बारे



में बताते हैं।

### सनस्क्रीन को ना भूलें

लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना इतना जरूरी नहीं है। बल्कि ऐसा नहीं है, सर्दियों में भी लोगों को सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से ही करना चाहिए। इससे त्वचा हानिकारक किरणों से बची रहती है।

## जींस को फैशन नहीं, सही फिटिंग के हिसाब से पहनें

जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं।

जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-

### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है। अगर



आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी। पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है।


कार्नर न्यूज

### फैशन के इस दौर में बियर्ड की स्टाइल भी बदल रही

## कूल फेडेड बियर्ड लुक आपको देगा अलग पहचान, चेहरे के हिसाब से कर लें बदलाव

*आजकल फैशन बियर्ड का ही है। अपने चेहरे के हिसाब से सभी पुरुष अलग-अलग तरह की बियर्ड रखते हैं। कभी विराट कोहली वाली तो कभी विक्की कौशल का स्टाइल पुरुषों को भा जाता है। इन्हीं लुक में से एक है बियर्ड फेडिंग फेडिंग के साथ बियर्ड का लुक थोड़ा और नेचुरल आ जाता है। पुरुषों को फेडिंग का यही अंदाज तो पसंद आता है। इसलिए आजकल बियर्ड फेडिंग के दीवाने सभी हो चुके हैं। मगर अफ़सोस अभी भी कई पुरुष इसके बारे में ज्यादा कुछ नही जानते हैं। इसलिए इसको अपने लुक पर आजमा भी नहीं पाते हैं। लेकिन हम बियर्ड फेडिंग से जुड़ी गाइड ले आए हैं।*

*दाढ़ी को कैसे परफेक्टली फेड करें जिन पुरुषों ने अभी तक बियर्ड फेडिंग नहीं कराई है, उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं है। लेकिन स्टेप बाय स्टेप इस ट्रिक को आसानी से समझा जा सकता है। चलिए जानते हैं बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ-*



### क्या होती है फेडेड बियर्ड

बियर्ड फेडिंग के बारे में सबकुछ समझने से पहले हमें ये भी समझना होगा कि ये आखिर होती क्या है। इसके लिए आपको बियर्ड ट्रिमिंग वाला दिन याद करना होगा। बियर्ड ट्रिम कराने के लिए आप अक्सर सैलून ही जाते हैं। ऐसा खुद नहीं करते हैं, पता है क्यों?

### टूल्स तो आपके पास हैं न


बियर्ड फेड करने से पहले आपको सही टूल्स की जरूरत होती है। खासतौर पर बियर्ड ट्रिमर (**beard trimmer**)के साथ एडजस्टेबल लेंथ कॉम्ब होना जरूरी है। आपको क्लिपर की जरूरत भी पड़ेगी। इसके साथ बियर्ड कॉम्ब की जरूरत भी होगी।

### अब सबसे पहले सफाई

बियर्ड फेडिंग शुरू करने से पहले बालों को धोकर बियर्ड कॉम्ब से सुलझा भी लें। ताकि फेडिंग करते हुए कोई दिक्कत न आए। सुलझाते हुए कॉम्ब नीचे की ओर चलाएं। बालों के ग्रोथ पैटर्न को फॉलो भी किया जा सकता है। अगर आप कंधा ऊपर की ओर चलाएंगे तो दाढ़ी के बाल ऊपर उठ जाएंगे। फेडिंग करते हुए ये उठे हुए बाल परेशानी बन सकते हैं। दरअसल बाल उठे हुए होंगे तो इनकी लेंथ बराबर से पता नहीं चलेगी। इसलिए नीचे की ओर कंघा करने के बाद दाढ़ी को बराबर से काट लीजिए। इस वक्त दाढ़ी जिस दिशा में उग रही है उसके उल्ट ऊपर की ओर हाथ चलाते हुए बियर्ड काटें। इस तरह से दाढ़ी की लम्बाई बराबर से आ सकेगी।

### अब बनानी हैं लाइन

बियर्ड को बराबर से काटने के बाद अब बारी है कि लाइन बनाई जाएं। जिसमें गर्दन और गलों की लाइन शामिल है। आपको करना ये है कि ये लाइन बराबर से और परफेक्ट होनी चाहिए। इसकी शुरुआत गर्दन की ओर से करें। इसके लिए चेहरा उठाकर रखें। अब गर्दन के बीच से एडम के ठीक ऊपर तक जाएं। इस वक्त आपको गर्दन के बीच से कान तक जोड़ने वाली लाइन भी बनानी होगी। अब गालों से मुंह के कोनों पर आएं और नेचुरल चीकलाइन से साइडबर्न तक आएं। इन लाइन से किनारे शेविंग कर दें।



### फेडिंग के लिए हो जाएं तैयार

अब जब आपकी बियर्ड ट्रिम हो चुकी है और लाइन भी बन चुकी हैं तो आप फेड के लिए तैयार हैं। इस वक्त आपको फेडिंग ऊपर से नीचे की ओर करनी है।

### गर्दन पर फेडिंग

गर्दन पर फेडिंग करके आपको और नेचुरल लुक मिल जाता है।इससे बियर्ड देखने में ज्यादा स्मूथ लगती है। इस दौरान आपको अपनी चिन उठाकर ही रखनी है।